वेबसाईट: www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक: S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3,मार्बलआर्च, सेनापतीबापटमार्ग, माटुंगारोड (प.रे.), माहिम, मुंबई-400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866फैक्स :24313938 ई–मेल :abvpkendra@gmail.com

दि. : 21 नवंबर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

सम्पूर्ण भारत में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिज़न्स (एनआरसी) लागू करने का फैसला स्वागतयोग्य : अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारत सरकार द्वारा पूरे देश में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिज़न्स (एनआरसी) लागू करने के कदम का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है। चूंकि असम में एनआरसी की प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों के सत्यापन में त्रुटियां हुई थीं, इसलिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यह मांग कर रही थी कि हाल ही में प्रकाशित एनआरसी को अस्वीकृत किया जाए। आज भारत सरकार के माननीय गृहमंत्री द्वारा राज्यसभा में दिए गए बयान से यह स्पष्ट हुआ है कि एनआरसी की प्रक्रिया पूरे देश भर में होगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सभी राजनीतिक दलों से आह्वान करती है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर व्यापक राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए, इस महत्वपूर्ण निर्णय का समर्थन करें। साथ ही अभाविप देशभर में सक्रिय सामाजिक, धार्मिक तथा छात्र समुदायों से आह्वान करती है कि पूरे भारत में एनआरसी के मुद्दे पर व्यापक समाज जागरण करते हुए राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाएं।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री आशीष चौहान ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि, "अभाविप लंबे समय से पूरे देश में एनआरसी लागू करने की मांग हेतु संघर्षरत थी। निश्चित रूप से एनआरसी के पूरे देश में लागू होने से विभिन्न दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण सुधार की संभावनाएं हैं। सरकार के इस निर्णय से असम में एनआरसी के संदर्भ में हम सत्यापन की जिन त्रुटियों की ओर सरकार का जिस प्रकार ध्यान आकर्षित कराना चाह रहे थे, उस समस्या का समाधान भी इस निर्णय के द्वारा संभव हो पाया है। भारत सरकार के इस निर्णय का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हार्दिक स्वागत करती है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)